बी.कॉम., बी.सी.ए व बी.वॉक. (एस.डी) प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए स्वागत एवम् परिचय समारोह

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 26 जुलाई, 2016 को वाणिज्य व कम्प्यूटर विभाग के बी.कॉम., बी.सी.ए व बी.वॉक. (एस.डी) प्रथम वर्ष के नवागुन्तक विद्यार्थियों का परिचय व स्वागत समारोह का आयोजन महाविद्यालय के संभाग प्रथम व तृतीय के सभागार में किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता रहें. सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को अपने जीवन मे सही दिशा चुनने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने बताया कि पढाई के साथ साथ महाविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यवसाय उपयोगी कोर्सों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है. विद्यार्थी इनसे लाभान्वित होकर भविष्य में किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकते है.
इस अवसर पर मोटिवेशनल वक्ता के रुप में अमन कोहली (फंक्शनल इंग्लिश फेकल्टी इन एन. आई.आई.टी) भी उपस्थित थे. विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करते हुए उन्होंने पर्सनलीटी डवलेपमेन्ट के बारे में बताया. श्रीमती शोभना गोयल ने महाविद्यालय के भिन्न–भिन्न क्लबों के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया. डॉ0 नरेश कामरा ने यू.जी.सी. ग्रान्ट, स्कॉलरशिप और एड. ऑन कोर्स की जानकारी दी. पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 रामचंद्र ने सभी विद्यार्थियों को पुस्तकालय के नियम संबंधी जानकारी दी. डॉ0 गीता गुप्ता ने सांस्कृतिक गतिविधियों व महिला प्रकोष्ठ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया. कार्यक्रम की संयोजक डॉ0 नरेश कामरा व डॉ0 सचिन गर्ग के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ.

इस कार्यक्रम में श्रीमती कमल टंडन, डॉ0 मनोज शुक्ला, शोभना गोयल, ऊषा चौधरी, डॉ0 शिल्पा गोयल, डॉ0 रेनू माहेश्वरी, डॉ0 रेखा सेन, डॉ0 प्रवीन गुप्ता, रजनी अग्रवाल, निधि गुप्ता, प्रीति अग्रवाल, मनीषा गोयल, प्रतिज्ञा चौधरी उपस्थित रहें और कार्यालय से मनमोहन सिंगला, ललिता अरोड़ा, अली खाँ, महेश कुमार, त्रिलोक चन्द्र और पवन जैन आदि का भी सराहनीय योगदान रहा.
कार्यक्रम के अन्त में छात्राओं को बैग और फ्रूटी वितरित की गई.